प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल प्रयोग हेतु

पावरग्रिड ने चार टीबीसीबी ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाओं का अधिग्रहण किया

गुरुग्राम, 15 जनवरी 2024: पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) विद्युत मंत्रालय के तहत महारत्न सीपीएसयू ने अंतर-राज्यीय ट्रांशमिशन सिस्टम (आई.एस.टी.एस.) परियोजना के लिए सफलता पूर्वक चार स्पेशल पर्पस व्हीकल्स परियोजनाओं का अधिग्रहण किया है जिनकी बोली टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया द्वारा लगाई गयी थी। अधिग्रहित एस.पी.वी. - वतामन ट्रांसमिशन लिमिटेड, कोप्पल II गडग II ट्रांसमिशन लिमिटेड, बीकानेर III नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड और नीमराना II बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के एकीकरण, तत्काल विद्युत निकासी और नए आई एस टी एस ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना को सुगम बनाएगी।

वतामन ट्रांसमिशन लिमिटेड ट्रांसमिशन सिस्टम को क्रियान्वित करेगा जिसमें वतामन, अहमदाबाद में एक नए 765/400 के. वी. स्वीचिंग स्टेशन की स्थापना सहित गुजरात राज्य में फैली हुई तीन 765 के. वी. ट्रांसमिशन लाइंस (एक LILO लाइन सहित) के साथ गुजरात राज्य के नवसारी और हलवद उप-केंद्रों के विस्तार कार्य शामिल है। यह परियोजना 24 महीनों के भीतर चालू की जानी है। यह परियोजना आई. एस. टी. एस. नेटवर्क पर विभिन्न लाभार्थियों को बिजली वितरण के लिए खावड़ा क्षेत्र से 7 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी की सुविधा प्रदान करेगी।

कोप्पल II गडग II ट्रांसमिशन लिमिटेड एक ऐसे ट्रांसमिशन सिस्टम को क्रियान्वित करेगा जिसमें एक नए 765/400 के. वी. कोप्पल-II पूलिंग स्टेशन, एक नए 400/220 के. वी. गडग II पुलिंग स्टेशन की स्थापना सहित कर्नाटक राज्य में फैली हुई दो 765 के. वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन, 400 के. वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन साथ ही के नरेंद्र और रायचूर उप-केंद्रों में सम्बद्ध बे, विस्तार कार्य शामिल है। यह परियोजना 24 महीनों के भीतर चालू की जानी है। यह परियोजना कोप्पल-II और और गडग -II (फेज़ -A के तहत) प्रत्येक में से एक-एक गीगावाट क्षमता के साथ-साथ कोप्पाल-II में (फेज़-B के तहत) शेष एक गीगावाट क्षमता के तत्काल एकीकरण और निकासी को सुगम बनाएगी।

बीकानेर III नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा बीकानेर-III में एक नए 765/400/220 के. वी. पूलिंग स्टेशन की स्थापना सहित राजस्थान राज्य में फैली हुई 400 के. वी. डी/सी और एक 765 के. वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन और नीमराना-II उप-केंद्र सम्बद्ध - बे विस्तार का कार्य शामिल है। यह परियोजना 24 महीनों के भीतर चालू की जाएगी।

नीमराना II बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में एक नई 765 के. वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना के साथ राजस्थान राज्य के नीमराना II उप-केंद्र और उत्तर प्रदेश राज्य के बरेली उप-केंद्र में सम्बद्ध बे विस्तार कार्य शामिल है। यह परियोजना 24 महीनों के भीतर चालू की जानी है।

शेष दो परियोजनाएं बीकानेर III नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड और नीमराना II बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी जो 765 के.वी. उच्च क्षमता कॉरिडोर उच्च क्षमता वाले कॉरिडोर यानी बीकानेर-III-नीमराना-II

का हिस्सा होंगी और आई. एस. टी. एस. नेटवर्क पर विभिन्न लाभार्थियों को बिजली वितरण के लिए बीकानेर पूलिंग से 4 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी की सुविधा प्रदान करेगी।

पावरग्रिड की विभिन्न परियोजनाएँ एस. पी. वी. है, जो टेरिफ बिडिंग के माध्यम से अधिग्रहीत की गयी गई है इसलिए निर्माण, संचालन और स्थानांतरण के आधार पर निर्मित विभिन्न ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाओं को यह पारेषण कंपनी कार्यान्वित कर रही है। यह ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाएं राष्ट्रीय ग्रिड में हरित ऊर्जा को जोड़ने के लिए ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को बढ़ाएंगी, जिससे भारत सरकार के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य की प्राप्ति करने की दिशा में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होने में मदद मिलेगी।

31 दिसंबर 2023 तक, पावरग्रिड ने 276 उपकेंद्रों और 1,76,531 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइन्स और 5,17,861 एम.वी.ए. की ट्रांसमिशन क्षमता को अधिकृत और संचालित किया है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाकर और स्वचालन और डिजिटल समाधानों का उन्नत उपयोग करके पावरग्रिड 99.86% की औसत पारेषण प्रणाली उपलब्धता को बनाए रखने में सक्षम रहा है।

जारीकर्ता

Team Corporate Communications
Follow us on twitter: @pgcilindia
www.powergrid.in
e-mail: powergrid.pr@powergrid.in